प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट– प्रदेश में भारी वर्षा से हुए नुकसान के लिए मांगी मदद।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए केंद्र से की विशेष सहायता की मांग।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में उठाया दवाईयों की घटती गुणवत्ता का मुद्दा, केंद्र ने कहा– हिमाचल में 49 दवाईयों के सैंपल हुए फेल।
- किन्नर कैलाश यात्रा फिर शुरू– आज 4 सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए कैलाश पर्वत के दर्शन।

नड्डा–हर्षमहाजन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर प्रदेश में भारी वर्षा से हुए नुकसान के बारे में चर्चा की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे। नड्डा ने बताया कि नितिन गडकरी ने हिमाचल को भरपूर आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा से क्षतिग्रस्त इलाकों में एक–एक सड़क को युद्ध स्तर पर ठीक किया जाएगा। नड्डा ने बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत प्रदेश को पहले चरण में दो सौ एक करोड़ रूपए का मैटीरियल बजट मंजूर किया है और इस राशि से पंचायत स्तर पर रास्तों, सड़कों और डंगों के निर्माण में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ और एसटीआरएफ के तहत हिमाचल को केंद्र से पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि मिल चुकी है। इस मौके पर हर्ष महाजन ने भी नितिन गडकरी से प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों को जल्द दुरूस्त करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग की है। अपने दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने केंद्रीय नागरिक उड्डन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट कर प्रदेश में हवाई सेवा से जुड़े विभिन्न मामलों पर शीघ्रता से कार्य करने का आग्रह किया था। एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से शिमला–धर्मशाला–शिमला के बीच फिर से नियमित हवाई सेवाएं शुरू करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कांगड़ा हवाई अडडे के विस्तार के लिए राज्य सरकार लगभग एक सौ 50 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करेगी जिसकी प्रकिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक हजार 9 सौ करोड़ रूपए से अधिक धन राशि का प्रावधान किया गया है और चार सौ 10 करोड़ रूपए वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने संजौली, रामपुर, बददी और कंगनीधार हैलीपोर्ट को इस वर्ष अक्तूबर तक संचालित करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध भी किया है।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज राज्यसभा में बताया कि इस वर्ष मई महीने में एक सौ 86 औषधी नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया जिन में से 49 औषधियां हिमाचल में निर्मित हुई थी। सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हिमाचल में दवाओं की घटती गुणवत्ता को लेकर सदन में सवाल किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में हिमाचल में स्थित फार्मा कंपनियों के दो हजार दो सौ 75 दवाओं के नमूनों का परीक्षण किया गया। सिकंदर कुमार के बायोमास ऊर्जा परियोजना को लेकर एक अन्य सवाल पर केंद्रीय नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने बताया कि हिमाचल में बायोमास ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण बढाने को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

राष्ट्रीय प्रसारण दिवस

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 8 जून, 1936 को भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नामकरण ऑल इंडिया रेडियो किया गया। वर्ष 1956 में राष्ट्रीय प्रसारक के लिए आकाशवाणी नाम अपनाया गया। वहीं 1957 में लोकप्रिय फिल्म संगीत के साथ विविध भारती सेवा शुरू की गई थी। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने राष्ट्रीय प्रसारण दिवस पर अपनी शुभकामनायें दी हैं।

ईसीएचएस

ऊना जिले में गगरेट उपमंडल के ब्रहम्पुर गांव में एक नया ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक खुल गया है। सेना के 11वीं कोर के जीओसी लेफि्टनेंट जनरल अजय चांदपुरिया ने आज इसका उदघाटन किया। इस पॉलीक्लिनिक के माध्यम से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही ऊना जिला देश का ऐसा पहला जिला बन गया है जहां दो ईसीएचएस हैं। पत्रकारों से बातचीत में लैंफि्टनेंट जनरल चांद पूरिया ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और युद्ध विराम का उलंघन होने पर भारतीय सशस्त्र बल इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि अगले महीने तक प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालय, आदर्श स्वास्थ्य संस्थान और अन्य चिकित्सा संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। शिमला में आज स्वास्थ्य विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में सीटी स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, फैको और डायग्नोस्टिक मशीनें उपलब्ध करवाई जाएंगी। धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार ने शिशु देखभाल किट में गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है और राज्य के किसी भी सरकारी या निजी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को कुल 18 वस्तुएं प्रदान की जाएंगी।

किन्नर कैलाश

किन्नौर जिले में खराब मौसम के कारण दो दिन तक बंद रही किन्नर कैलाश यात्रा आज से एक बार फिर शुरू हो गई है। आज कुल 4 सौ 17 श्रद्धालुओं ने पवि़त्र कैलाश पर्वत के दर्शन किए। यात्रा फिर शुरू होने से श्रद्धालुओं में उल्लास का माहौल है और प्रशासन ने उनकी सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज दोपहर बाद मॉनसून की वर्षा हुई। राज्य में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 44 सड़कें अभी भी भूस्खलन से अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक सौ 69 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 30 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 37 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 34 लोग अभी भी लापता हैं। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश के अनेक भागों में 27 से 29 जुलाई तक भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

ट्रेनी योजना

प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं ने राज्य सरकार की जॉब ट्रेनी योजना का पुरज़ोर विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अनुबंध आधार पर नौकरियां खत्म कर ट्रेनी के तौर पर नई भर्तियां करने का फैसला लिया है और 2 साल बाद फिर से परीक्षा ली जाएगी। बेरोज़गारों ने सरकार की इस योजना को युवाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की हैं

*एक तो आप पहले ही पिछले तीन साल से कोई रोजगार सरकारी क्षेत्र में उस तरह से युवाओं को नहीं दे पाए हैं, और उसके बाद कांट्रैक्ट पॉलिसी को खत्म करके आप जो है ट्रेनी पीरियड के आधार पर जो है लोगों को रखेंगे और दो साल के बाद आप द्वारा उसको परखेंगे। उसकी आप परीक्षा द्वारा लेंगे यानी आप जो है उसका एग्जामिनेशन टेस्ट लेंगे हम किसी भी हालात में इस पॉलिसी को नहीं मानने वाले हैं ये सरेआम हिमाचल प्रदेश के यूथ से खिलवाड़ है सरकार जब तक इस पॉलिसी को रोल बैक नहीं करती हम जो है आने वाले टाइम में सड़कों में एजुकेशन प्लान के ऊपर जाएंगे। बेरोजगारों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है इसमें सरकार नौकरियां देना ही नहीं चाहती। जो भी सरकार नौकरियां दे रही है वो जो कुछ दे रही है वो आउटसोर्स के माध्यम से दे रही है और इसमें भी हम लोगों का शोषण किया जा रहा है। अब देखो आप पहले ये कांट्रेक्ट होता था अब इन्होंने उसका नाम बदल के ट्रेनी ही कर दिया इवन सिर्फ नाम बदल के नहीं उसमें कुछ जो बेनिफिट मिलते थे कांट्रेक्ट वालों को वो इसमें नहीं दे रहे ट्रेनिंग वालों को आप **2** साल के बाद अगर मान लो लेट फॉर एग्जांपल अगर आप हजार पोस्ट क्रिएट करते हो उस **1000** पोस्ट में जब उसका एग्जाम्स होंगे तो आप ये सोचिए जो भी एग्जाम होते हैं वो फेल होने के लिए एग्जाम होते हैं सर मेरे ख्याल से **78** तो फिर भी और फेल होगा, फिर वो दो साल और दो–तीन साल और मेहनत करता जाएगा, मैं इसका विरोध करता हूं।*

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट– प्रदेश में भारी वर्षा से हुए नुकसान के लिए मांगी मदद।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए केंद्र से की विशेष सहायता की मांग।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में उठाया दवाईयों की घटती गुणवत्ता का मुद्दा, केंद्र ने कहा– हिमाचल में 49 दवाईयों के सैंपल हुए फेल।
- किन्नर कैलाश यात्रा फिर शुरू– आज 4 सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए कैलाश पर्वत के दर्शन।

---